प्रेसनोट, दिनांक 22.03.2026
थाना अचलगंज,जनपद उन्नाव ।

## हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त को गिऱफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण –** दिनांक 19.02.2026 को थाना अचलगंज पर वादी रामरतन पुत्र नन्हेलाल नि0 हड़हा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव द्वारा तहरीर दी गई कि दिनांक 18/2/26 को मेरे पिता जी समय करीब सुबह 08.00 बजे अपने मैकुआ खेड़ा वाले खंड़जा के पास वाले खेत में पानी लगाने के लिए गए थे। जहां खेत से करीब 200 मीटर दूर मौराही नदी के किनारे मेरे पिता जी मृत अवस्था में मिले तथा शरीर पर काफी चोटें व बाँए कंधे पर जला हुआ था एवं वहाँ पर मौजूद संतोष पंडित व छोट्टन उपरोक्त वहां देखने तक नहीं आए। आज से करीब चार दिन पहले मेरे पिता जी से संदीप मिश्रा पुत्र विनोद शरण मिश्रा, विनोद शरण मिश्रा पुत्र द्वारिका शरण मिश्रा, सुनिल द्विवेदी पुत्र सुरेश द्विवेदी व विनोद शरण मिश्रा उर्फ पप्पू के खेत के साक्षीदार मुन्ना लोधी पुत्र श्याम मनोहर लोधी नि०गण हड़हा से कहा सुनी हुई थी तब उन लोगो ने मेरे पिता जी से कहा था कि जिस दिन खेत पर अकेले मिल जाओगे उस दिन तुमको जान से मार देंगे। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 44/2026, धारा 103(1), 351(3), 3(5) बीएनएस एवं 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 22.03.2026 को अभियुक्त मुन्ना राजपूत पुत्र स्व0 श्याम मनोहर नि0 ग्राम हड़हा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष को बदरका रोड कुर्मापुर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

मुन्ना राजपूत पुत्र स्व0 श्याम मनोहर निवासी ग्राम हड़हा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र 50 वर्ष

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ला

2. उ0नि0 शिव कुमार पाण्डेय

3. का0 अर्चित चौधरी

4.का0 विवेक मौर्या



प्रेसनोट, दिनांक 22.03.2026
थाना सफीपुर,जनपद उन्नाव ।

## एनडीपीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिऱफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण –** आज दिनांक 22.03.2026 को उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत मय हमराह हे0का0 राजीव कुमार द्वारा थाना सफीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 155/2024 धारा 8/15/29/60(3) NDPS ACT से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हजारीलाल पुत्र पूरनलाल नि0ग्रा0 नौगवां जागीर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली उम्र करीब 45 वर्ष को आटो रिक्शा स्टेण्ड कस्बा सफीपुर से गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

हजारीलाल पुत्र पूरनलाल नि0ग्रा0 नौगवां जागीर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली उम्र करीब 45 बर्ष

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत
हे0का0 राजीव कुमार



UNNAO POLICE

प्रेसनोट, दिनांक 23.03.2026

थाना अजगैन,जनपद उन्नाव ।

**पुलिस मुठभेड़ में ट्रक ड्राईवर को भय दिखाकर 8000/- रुपये नगद व 21225/- रुपये अपने-अपने मोबाइल नम्बर पर यूपीआई कराने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना अजगैन पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर,01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 अदद मोबाइल फोन, 2800/- रुपये नगद व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 22/23.03.2026 को रात्रि में थाना अजगैन पुलिस टीम द्वारा थाना अजैगन क्षेत्रान्तर्गत पक्षी विहार रिंग रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिगं की जा रही थी चेकिंग के दौरान एक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया गया तो उक्त मोटरसाइकिल सवार, मोटरसाइकिल को पीछे की औऱ मोड़ते हुये ग्राम कन्हईखेड़ा की और भागने लगे। पुलिस द्वारा घेराबन्दी करने पर उपरोक्त मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा मोटरसाइकिल को छोड़कर पुलिस टीम पर फायर करते हुये भागने का प्रयास किया गया आत्मरक्षार्थ जबावी पुलिस कार्यवाही में एक बदमाश के बांये पैर में गोली लगी है जिससे वह मौके पर ही घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया तथा दूसरे बदमाश को पुलिस टीम द्वारा कुछ दूरी से घेराबन्दी करते हुये गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम 1.गोविन्द पुत्र स्व० रामस्वरूप उम्र 19 वर्ष निवासी हिम्मतगढ़ थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव (घायल) व 2. राहुल उर्फ गोलू पुत्र स्वं बउवा उम्र 24 वर्ष निवासी जालिमखेड़ा, थाना अजगैन जनपद उन्नाव बताया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि उन दोनो के द्वारा अपने एक तीसरे साथी करन पुत्र रामऔतार रावत निवासी बंगला पछिया नबावगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव के साथ मिलकर दिनांक 09.03.2026 को सुबह के समय नबावगंज टोल प्लाजा व पक्षी विहार के बीच एक ट्रक ड्राईवर को भय दिखाकर 8000/ रुपये नगद व 21,225/- रुपये अपने-अपने मोबाइल नम्बरों पर यूपीआई कराये थे।

जिसके सन्दर्भ मे थाना अजगैन पर मु0अ0स0 130/26 धारा 308(V) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर व 02 अदद मोबाइल फोन, 2800/- रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त टीवाएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल UP 78 DU 2599 बरामद की गई है। घायल अभियुक्त गोविन्द उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी नबावगंज भेजा गया है। घायल गोविन्द पर जनपद के विभिन्न थानों पर 06 मुकदमें व गिरफ्तार राहुल उपरोक्त पर 09 मुकदमें विभिन्न धाराओं में पंजीकृत है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल तीसरे अभियुक्त करन उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द पुत्र स्व० रामस्वरूप उम्र 19 वर्ष निवासी हिम्मतगढ़ थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव(घायल) का अपराधिक इतिहास-**

01. मु0अ0स0 480/25 धारा 3(5)/309(4)/317(2) बीएनएस थाना अजगैन
02. मु0अ0स0 481/25 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 109(3)(5) बीएनएस थाना अजगैन
03. मु0अ0स0 176/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 313 बीएनएस थाना सोहरामऊ
04. मु0अ0स0 47/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस – थाना दही
05. मु0अ0स0 247/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस – थाना दही
06. मु0अ0स0 130/26 धारा 308(v) BNS – थाना अजगैन

**गिरफ्तार अभियुक्त राहुल उर्फ गोलू पुत्र स्वं बउवा उम्र 22 वर्ष निवासी जालिमखेड़ा, थाना अजगैन जनपद उन्नाव का अपराधिक इतिहास**

01. मु0अ0स0 417/22 धारा 379/411 IPC – थाना अजगैन
02. मु0अ0स0 480/25 धारा 3(5)/309(4)/317(2) BNS – थाना अजगैन
03. मु0अ0स0 481/25 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 109 BNS – थाना अजगैन
04. मु0अ0स0 108/24 धारा 379, 411 IPC – थाना पुरवा
05. मु0अ0स0 247/25 धारा 303(2), 317(2) BNS – थाना दही
06. मु0अ0स0 47/25 धारा 303(2), 317(2) BNS – थाना दही
07. मु0अ0स0 75/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट – थाना दही
08. मु0अ0स0 168/23 धारा 392, 411 IPC – थाना दही
09. मु0अ0स0 130/26 धारा 308(v) BNS – थाना अजगैन